राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- registrar.rmpu@gmail.com, Contact No. 7017836228

पत्रांकः–आर0एम0पी0यू0 / 452 / 2022 दिनांकः– 28 मई, 2022

सेवा में, **अनुस्मारक–2 / समयबद्ध**

प्राचार्य / प्राचार्या,
समस्त राजकीय / अनुदानित / स्ववित्तपोषित महाविद्यालय,
संबद्ध राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय,
अलीगढ़।

विषयः–महाविद्यालय की संबद्धता संबंधी प्रमाण प्रस्तुत किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक विश्वविद्यालय के पत्र संख्या आर0एम0पी0यू0 / 261 / 2022 दिनांक 22 अप्रैल, 2022 एवं 09 मई, 2022 का संदर्भ ग्रहण करें। राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़ द्वारा शीघ्र ही वेब रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया प्रारम्भ की जायेगी। प्रक्रिया प्रारम्भ करने से पूर्व निम्नलिखित प्रपत्रों की प्रमाणित प्रति विश्वविद्यालय में प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

1. महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रम का सत्र 2022–23 हेतु अथवा स्थायी संबद्धता का पत्र एवं पाठ्यक्रमवार स्वीकृत सीटों का विवरण।
2. महाविद्यालय की अनुमोदित प्रबंध समिति का पत्र।
3. महाविद्यालय में संचालित प्रत्येक पाठ्यक्रम के अनुमोदित शिक्षकों तथा वर्तमान में कार्यरत शिक्षकों का पत्र।

डा0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा से समस्त पत्रावलियाँ दिनांक 08 मई, 2022 को प्राप्त हो गयी है।

मा0 कुलपति जी के निर्देशानुसार यह भी अवगत कराना है कि यदि अमुक महाविद्यालय में अमुक पाठ्यक्रम की सत्र 2022–23 हेतु संबद्धता प्राप्त नहीं है अथवा प्रबंध समिति अनुमोदित नहीं है अथवा अनुमोदित शिक्षक नियुक्त एवं कार्यरत नहीं है, ऐसे महाविद्यालयों को वेब रजिस्ट्रेशन में सम्मिलित नहीं किया जा सकेगा। जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व संबंधित महाविद्यालय का होगा। कृपया वांछित सूचना **दिनांक 31 मई, 2022 सायं 04:00 बजे तक** प्रत्येक दशा में विश्वविद्यालय में प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

भवदीय

28/05/22

कृते, कुलसचिव

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. कुलपति जी, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
2. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, अलीगढ़।
3. गार्ड फाइल।

कृते, कुलसचिव

Scanned with CamScanner